हरियाणा टूरिज्म दिवस” के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय में दिनांक 1 सितंबर, 2023 को “हरियाणा टूरिज्म दिवस” के उपलक्ष्य में कॉलेज के आइ.क्यू.ए.सी. एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर की अध्यक्षता में हुआ। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की भूगोल विभाग की सभी छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें हरियाणा की ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख सभी स्थानों एवं घटनाओं के विषय में प्रश्न पूछे गए। विजेता रही सभी छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया डॉक्टर पूनम मोर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं को हरियाणा के विषय में ज्ञानवर्धन में मदद मिलेगी। इस अवसर पर आइ.क्यू.ए.सी. की इंचार्ज श्रीमती अंजलि गुप्ता, भूगोल विभाग की इंचार्ज श्रीमती रंजना गर्ग, डॉक्टर मुन्नी जागलान, श्रीमती रजनी के साथ-साथ अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गान के साथ आयोजन की समाप्ति हुई।

भूगोल विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा टूरिज्म दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज के आइक्यूएसी व भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. पूनम मोर की अध्यक्षता में हुआ। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की भूगोल विभाग की सभी छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें हरियाणा की ऐतिहासिक व पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख सभी स्थानों एवं घटनाओं के विषय में प्रश्न पूछे गए। प्राचार्य डॉ. पूनम मोर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों को हरियाणा के विषय में ज्ञानवर्धन में मदद मिलती है। अंत में विजेता रही सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंजलि गुप्ता, रंजना गर्ग, मुन्नी जागलान व रजनी मौजूद रही। संवाद